दिनांक 30.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

छठ पर्व की तैयारियों का महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत छठ पूजा का त्योहार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसकी आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर निगम , भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाबों जहां छठ पर्व के लिए पूजा , अर्चना किया जाना है का निरीक्षण किया ।

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने आज निगम क्षेत्र के लाल मैदान गणेश मंदिर के सामने तालाब हूडको, सेक्टर-07 कल्याण कालेज के सामने स्थित तालाब, सेक्टर-02 अयप्पा मंदिर स्थित तालाब, लक्ष्मण नगर तालाब, रामनगर मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब का निरीक्षण किया तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने भी लक्ष्मण नगर तालाब , दर्री तालाब, बालकनाथ मंदिर स्थित तालाब, हाउसिंग बोर्ड स्थित तालाब, बैकुण्ठधाम तालाब, रामनगर मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब , सेक्टर-02 तालाब एवं सेक्टर-07 तालाब का निरीक्षण किया। महापौर एवं आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान तालाबांे की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर सफाई का पूर्ण हो चुका है वहां चुने से लाईनिंग कार्य करें तथा तालाब के नीचे उतरने के लिए बनाये गये सिढ़ियों की सफाई अच्छी तरह से करायें ताकि पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर देवेन्द्र यादव ने सेक्टर- 02 तालाब के समीप शौचालय को उपयोग में लाने के लिए खुलवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। भ्रमण के दौरान संबंधित जोन के अधिकारी , कर्मचारी उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी